**Ans. (a) :** ओगनिया पुरूषों द्वारा कान में पहना जाने वाला आभूषण है। आड़ एवं मादलिया गले में पहना जाने वाला आभूषण है।

**24. निम्न में से कौन सा आभूषण गले में पहना नहीं जाता?**
(a) तुलसी (b) तिमनिया
(c) सरी (d) रखड़ी

**RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I**

**Ans. (d) :** रखड़ी एक अर्ध वृत्ताकार आभूषण है जो सिर पर धारण की जाती है। जबकि तुलसी, तिमनिया, सरी आभूषण गले में धारण किया जाता है।

**25. अधोलिखित में से कौनसा आभूषण गले में नहीं पहना जाता है?**
(a) तिमणिया (b) आँवला
(c) काँठला (d) मांदलिया

**VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II**

**Ans. (b) –** आँवला आभूषण पैर में पहना जाता है। जबकि अन्य आभूषण तिमणिया, काँठला, मांदलिया गले में पहने जाने वाले आभूषण हैं। यह राजस्थान की संस्कृति में महिलाओं द्वारा सौंदर्य हेतु प्रयोग किया जाने वाले महत्वपूर्ण आभूषणों में से एक है।

**26. 'नोगरी' आभूषण शरीर के किस अंग में पहना जाता है?**
(a) हाथ
(b) कमर
(c) गला
(d) नाक

**कनिष्ठ अभियंता (विद्युत/ डिप्लोमाधारक) -2020**
**RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022**

**Ans. (a) :** 'नोगरी' एक प्रसिद्ध राजस्थानी पारंपरिक आभूषण है जिसे हाथों की कलाईयों में ब्रेसलेट की तरह पहना जाता है। यह चूड़ियों के मध्य पहना जाता है। कलाई (हाथ) के अन्य आभूषण कंकन, गोखरू, कड़ा, नोगरी, आँवला, चाँट, गजरा, चूड़ी, बल्लया, बाजुबंद, टड्डा, अणत, पुणच, छैलकड़ो, केयूर, खांच तथा पुरूषों द्वारा कड़ा, मूरल, ढाला, ताती एवं माठीं है।

**27. 'टड्डा' आभूषण पहना जाता है–**
(a) बाजू में (b) गले में
(c) सिर पर (d) कमर में

**RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**28. बल्लया आभूषण पहना जाता है–**
(a) गले में (b) सिर पर
(c) हाथों में (d) कमर में

**ग्राम सेवक एवं होटल सुपरीटेंडेंट परीक्षा-18.12-2016**
**RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**29. कंदोरा आभूषण स्त्रियाँ शरीर के किस भाग में पहनती हैं?**
(a) कान (b) कमर
(c) हाथ (d) ललाट

**कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022**

**Ans. (b) :** राजस्थान में कंदोरा आभूषण महिलाओं द्वारा कमर में पहना जाने वाला आभूषण है। यह चाँदी की जंजीरों की एक शृंखला कूल्हों/कमर में धारण की जाती है। इसे प्रायः कंदोरा या करधनी के रूप में जाना जाता है। जबकि पुरूष भी सोने या चाँदी के बेल्ट पहनते हैं। कमर में पहने जाने वाले अन्य आभूषण तागड़ी, कणकली, सटका, मुखला है।

**30. तागड़ी शरीर के भाग पर पहनी जाती है?**
(a) कमर (b) गले
(c) पैर (d) नाक

**RPSC RAS/RTS -2006-07**
**कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018**

**Ans. (a) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**31. दामना नामक आभूषण कहाँ धारण किया जाता है?**
(a) उँगलियों में (b) पैरों में
(c) कमर में (d) गले में

**स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019**
**Head clerk Combined Exam-2018**
**RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)**

**Ans. (a) :** दामना/दामणा नामक आभूषण ऊँगलियों में धारण किया जाता है। उंगलियों में अन्य कारण किए जाने वाले आभूषण है- छल्ला, छड़ा, बींटी, अंगूठी, दामप्या, हथपान एवं आरसी।

**32. ''दामणा'' आभूषण स्त्रियाँ शरीर के किस भाग में पहनती है?**
(a) अंगुली (b) नाक
(c) कान (d) पैर

**कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-18-05-2022**
**Basic Computer Anudeshak-18.06.2022**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. निम्नांकित आभूषण व उसे पहने जाने वाले अंग को सुमेलित कीजियेः**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. बोरला | i. पैर |
| B. लटकन | ii. सिर |
| C. जंजीर | iii. नाक |
| D. तोडिया | iv. कमर |

**कूटः**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | ii | iv | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |

**RPSC-2011**

**Ans. (d) :** निम्नांकित आभूषण व धारण करने वाले अंग का सही सुमेलन इस प्रकार है।

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| बोरला | - | सिर |
| लटकन - | | नाक |
| जंजीर | - | कमर |
| तोड़िया | - | पैर |